Bareilly, Tuesday, 4 July 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
HAPPY SAWAN

PAGE NO. 06 : LEFT MIDDLE

एसआरएमएस कालेज में छह दिवसीय स्वास्थ्य मेला शुरू

21वें स्थापना दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज में सोमवार को छह दिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ करते एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति● सौ. एसआरएमएस

बरेली : 21वें स्थापना दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज में सोमवार को छह दिवसीय स्वास्थ्य मेला शुरू हुआ। ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने रिबन कांट कर मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के मुकाबले बुजुर्गों को ज्यादा बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसी कारण इस बार स्वास्थ्य मेला विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए समर्पित है और इसीलिए इसका नाम वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ मेला रखा गया है। इस मौके पर कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, डिप्टी एमएस डा. सीएम चतुर्वेदी, डा. स्मिता गुप्ता, डा. नीलिमा मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे। वि.